Bareilly, Sunday,
19 October 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण inext

PAGE NO.- 06 : MIDDLE

# राजश्री में स्पोर्ट्र्स फेस्ट का हुआ समापन

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (18 Oct):** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे दो दिवसीय डॉ. अब्दुल कलाम जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 जोनल लेवल का समापन हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल व प्रबन्ध निदेशक इं. रोहन बंसल द्वारा शुभारम्भ किया गया. चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए अपने हुनर के दम पर शिखर छूने के लिए और मेहनत करने की सलाह दी.डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ से सम्बद्ध बरेली, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, कासगंज, पीलीभीत, रामपुर, सीतापुर, शाहजहांपुर, मुरादाबाद जिलों के अन्तर्गत विजेताओं का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा. फेस्ट में आयोजित प्रतियोगिताओं में द्वितीय दिवस पर एथलेटिक्स में 100 मी. में प्रथम स्थान पर आदित्य नागर व रिया त्यागी, 200 मी. में प्रथम स्थान पर बंश गर्ग एवं सृष्टि, 400 मी. में प्रथम स्थान पर सूर्याश सक्सेना एवं डिम्पल, 800 मी. में प्रथम स्थान पर सूर्यांश सक्सेना एवं डिम्पल, रिले दौड में प्रथम स्थान पर एमईटी व बालिका वर्ग में कोठीवाल कॉलेज, ऊंची कूद में प्रथम स्थान पर देवांश मिश्रा एवं भावना, डिस्क थ्रो में प्रथम स्थान पर अर्जुन यादव एवं अंकिता सिंह, शॉट पुट में प्रथम स्थान पर जतिन कुमार एवं डिम्पल, जेवेलिन में प्रथम स्थान पर तनिष्क चौधरी व सिमरन मिश्रा, बैडमिन्टन में प्रथम स्थान पर कोठीवाल कॉलेज एवं बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी, बास्केटबॉल में प्रथम स्थान पर एस.आरएम एससीईटी एवं बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी., शतरंज में प्रथम स्थान पर देवांश माहेश्वरी एवं खुशी भाटिया, टेबिल-टेनिस में प्रथम स्थान पर एमआईटी. मुरादाबाद एवं बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी, वॉलीबॉल में प्रथम स्थान पर एमआईटी मुरादाबाद एवं बालिका वर्ग में एसआरएमएस सीईटी, खो-खो में प्रथम स्थान पर एसआरएमएस सीईटी, प्रतियोगिताओं में विजेता रहे. मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं एकेटीयू के पर्यवेक्षक डॉ. करूणेश कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया.



जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 के विनर्स को किया गया सम्मानित.